हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

सभी मेडिकल दुकानों में लगे कैमरे, 90 दिन तक रखनी होगी रिकॉर्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स-1945 में संशोधन करते 8 सितंबर को नोटिफिकेशन जारी किया है। जिले में तीन दुकानों को छोड़कर सभी 760 मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम पूरा हो गया है। कैमरे लगवाए जाने के पीछे मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर पर्चे वाली दवाओं, विशेषकर नींद की दवाए, डिप्रेशन, घबराहट, मिर्गी, गर्भपात की दवाएं, एंटीबायोटिक की बिक्री की निगरानी करना और बच्चों को गलत तरीके से दवा बेचे जाने पर रोक लगाना है। ड्रग महकमे के अधिकारियों ने बताया है कि अधिकांश स्थानों पर कैमरे लग चुके हैं। जिनकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कैमरे लगने से दुकानों में बिना पर्ची या नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री में कमी आई है और आगे लगातार जांच से काफी हद तक और सुधार होंगे। केंद्र सरकार ने देशभर के सभी खुदरा (रिटेल) मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसका मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर पर्चे वाली दवाओं (विशेषकर एंटीबायोटिक, शेड्यूल एच, एच1 और एक्स की दवाएं) की अवैध बिक्री रोकना और बच्चों को गलत तरीके से दवा बेचने पर अंकुश लगाना है। नए नियम के तहत प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर 6 से 8 कैमरे, डीवीआर और इंटरनेट कनेक्शन का सेटअप लगाना होगा, जिस पर लगभग 1 लाख रुपए तक का खर्च आएगा।

केंद्र सरकार द्वारा निर्देश जारी, जिले की लगभग सभी मेडिकल दुकानों में लगाए जा चुके कैमरे

आर्थिक बोझ व मरीजों की निजता

कैमरे की खराबी या फुटेज न दे पाने को सीधे तौर पर लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा। मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मानें तो इस फैसले से छोटे मेडिकल स्टोर्स पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा। खासकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बिजली, इंटरनेट और तकनीकी खराबी की समस्या आम है। दूसरी ओर मरीजों की निजता (प्राइवेसी) को लेकर भी गहरी चिंताए हैं। कई बार मरीज संवेदनशील दवाएं लेते समय फार्मासिस्ट से अपनी बीमारी पर एकांत में चर्चा करते हैं। ऐसे में सीसीटीवी फुटेज से ऐसी व्यक्तिगत जानकारियां लीक होने का खतरा होगा।



ये हैं प्रस्तावित बिंदु

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स-1945 में संशोधन करते 8 सितंबर को नोटिफिकेशन जारी किया है। सरकार ने जनता और विशेषज्ञों से 30 दिन में सुझाव और आपत्तियां मांगी है। इसके बाद अंतिम अधिसूचना जारी होगी। संशोधन के अनुसार सभी लाइसेंसी खुदरा मेडिकल स्टोर्स को सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग कम से कम 90 दिन सुरक्षित रखनी होगी (यह नियम थोक विक्रेताओं पर लागू नहीं होगा), ताकि जरूरत पड़ने पर ड्रग इंस्पेक्टर या अन्य जांच एजेंसियां टाइम-स्टैम्प्ड वीडियो फुटेज की जांच की जा सके।

खबर संक्षेप

फार्म हाऊस में चोरी आरोपी पकड़ा गया



खैरागढ़। फार्म हाऊस में चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से चोरी के सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अगस्त को प्रार्थी शाहरुख खान 25 साल साकिन वार्ड 15 अमलीडीह खैरागढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि प्रार्थी अपने जमीन ढोलीखार अमलीडीह बड़े पुल के पास में पोल्ट्री फार्म निर्माण कराने के लिए एक कमरा स्टोर रूम के लिए बनाया है, जहां पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। 19 अगस्त को साढे 5 बजे ताला लगाकर घर आया था और 20 अगस्त को 9 बजे फार्म हाउस जाकर देखा तो स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ था। अंदर में लगे सीसीटीवी का डीव्हीआर बाक्स राउटर हार्ड डीस्क मय सिम पूरा सिस्टम नहीं था। कोई अज्ञात चोर द्वारा फार्म हाउस के स्टोर रूम के सामने का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर सीसीटीवी का पूरा सिस्टम कीमत करीबन 25000 रुपए को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 331(4), 305 बंस पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार विवेचना क्रम में लगातार अज्ञात आरोपी की पतासाजी के दौरान सूत्रों से पता चलने पर तारण साहू 24 वर्ष साकिन खैरबना थाना गातापार को थाना तलब कर कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किया।

चोरी का सामान बरामद

चोरी का सामान को अपने घर ग्राम खैरबना में रखना बताने पर मौके पर पहुंचकर आरोपी द्वारा अपने घर से निकालकर पेश करने पर गवाहों के समक्ष चोरी गई मशरूका सीसीटीवी का डीव्हीआर, बॉक्स, राउटर, हार्ड डिस्क मय पूरा सिस्टम कीमती करीबन 25000 रुपए को शत-प्रतिशत 24 अक्टूबर को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय खैरागढ़ में पेश किया गया, जहां न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी करने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में खैरागढ़ पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

माए एंगल



दो महीने के भीतर रसोई का बजट बढ़ा, खाद्य सामग्रियां महंगी

चावल 30, दाल के दाम 50 रुपए बढ़े, शक्कर भी महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्योहारी सीजन आते ही अब चौतरफा महंगाई की मार पड़ने लगी है। दो माह में ही चावल के दाम जहां 30 रुपए बढ़ गए हैं। वहीं राहर दाल के दाम तो आसमान पर चले गए हैं। इसके दाम में 50 रुपए का इजाफा हो गया है, जो दाल दो माह पहले चिल्हर में 110 रुपए थी, उसके दाम अब 160 रुपए हो गए हैं। शक्कर के दाम भी फिर से बढ़ने लगे हैं, जो शक्कर थोक में 46 रुपए हो गई थी, उसके दाम वापस अब 51 से 52 रुपए और चिल्हर में 55 से 60 रुपए हो गए हैं।

हमेशा से ही त्योहारी सीजन के पहले एक तरह से सिंडीकेट बनाकर सामान के दाम बढ़ाने का काम किया जाता है। महंगाई पूरी तरह से लंबे समय से बेलगाम है। एक सामान के दाम से आम आदमी उबर भी नहीं पाता कि दूसरे सामान के दाम बढ़ जाते हैं। आम आदमी का बजट हर माह बिगड़ रहा है। छोटे परिवार का बजट हर माह बढ़ जा रहा है। छोटे परिवार में पहले एक माह का राशन चार हजार में आ जाता था, अब पांच हजार से ज्यादा लग रहे हैं।

शक्कर चिल्हर में 55 से 60 रुपए

शक्कर के दाम ऐतिहासिक 70 रुपए तक जाने के बाद थोक में इसके दाम इस माह के प्रारंभ में 46 से 47 और चिल्हर में 50 रुपए हो गए थे, लेकिन अब इसके दाम थोक में ही 51 से 52 रुपए हो गए थे। चिल्हर में इसके दाम 55 से 60 रुपए किलो है। इसके दाम में अभी राहत की संभावना नहीं है।

अलग खबर

खास बातें

- हर महीने के राशन का खर्च 10% से अधिक बढ़ा
- धान के गढ़ में चावल महंगा होने से परिवारों की बढ़ी दिक्कतें
- कालाबाजारी पर भी नजर, शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई
- दाल-चावल के साथ ही अन्य सामग्री भी महंगी



चावलों के ऐतिहासिक दाम

पतले चावलों की कीमत में पहली बार ऐतिहासिक इजाफा हुआ है। मप्र सिवनी का काली मूंछ चावल बहुत ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम में दो माह में 20 रुपए तक का इजाफा हुआ है। कारोबारियों के मुताबिक इसके दाम दो माह पहले थोक में 50 रुपए थे, जो अब 70 रुपए हो गए हैं। ऐसे में चिल्हर में इसके दाम 75 से 80 रुपए किलो हो गए हैं। एचएमटी चावल के दाम पहले थोक में 45 रुपए थे, इसके दाम थोक में 65 से 68 और चिल्हर में 75 रुपए हो गए हैं। अब्बा हुजूर चावल के दाम थोक में 60 रुपए से सीधे 90 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसकी कीमत 100 रुपए हो गई है। जय श्रीराम चावल के दाम में भी 20 रुपए का इजाफा हुआ है। इसके दाम थोक में पहले 50 से 55 रुपए थे, जो अब 70 से 75 और चिल्हर में 75 से 80 रुपए हो गए हैं। जवां फूल चावल के दाम थोक में 90 रुपए से बढ़कर 120 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में दाम 130 रुपए है।

दालों में महंगाई का उबाल

दालों के दाम में भी महंगाई का उबाल आ गया है। सबसे ज्यादा बिकने वाली राहर दाल लंबे समय से अच्छी क्वालिटी की 100 से 110 रुपए थी, लेकिन अब इसके दाम 50 रुपए बढ़ गए हैं। थोक में इसके दाम 150 रुपए और चिल्हर में 160 रुपए हो गए हैं। इसी के साथ दूसरी दालों के दाम में भी इजाफा हो गया है। हमेशा 70 से 80 रुपए में बिकने वाली चना दाल के दाम थोक में ही 100 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम 110 रुपए हैं। उड़द दाल थोक में 140 और चिल्हर में 150 रुपए हो गई है। मूंग थोक में 120 और चिल्हर में 130 रुपए, देशी चना थोक में 85 रुपए और चिल्हर में 90 रुपए हो गया है।

जिलेभर में 10 प्रतिशत बच्चे ही कुपोषित, पोट्ठ लइका से सुधार की दिशा में हो रहा बेहतर कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

किसी भी जिले में कुपोषण के खिलाफ जंग काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिले में भी कुपोषण एक बड़ी समस्या के रूप में चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का सकारात्मक असर सुधार की दिशा में दिखाए दे रहे हैं।

जून 2025 में जिले में कुपोषण का कुल प्रतिशत 11.23 प्रतिशत था, जो लगातार और नियोजित प्रयासों से जिले में अब दस फीसदी से भी कम कुपोषित बच्चे रह गए हैं। इनमें भी गंभीर कुपोषण की चपेट में बच्चों की संख्या एक प्रतिशत के करीब है।

उल्लेखनीय है कि कुपोषण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले में चलाए जा रहे पोट्ठ लईका अभियान का असर जमीन पर देखने को मिल रहा है। राजनांदगांव जिला प्रशासन द्वारा सुपोषण की दिशा में तय किए गए कड़े लक्ष्यों और मैदानी अमले की मुस्तैदी से हजारों बच्चों को कुपोषण के चक्रव्यूह से बाहर निकाला जा चुका है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगे भी इसी गति से जारी रहेगा, ताकि जिले के शत-प्रतिशत बच्चों को स्वस्थ और सुपोषित बनाया जा सके। तकनीक आधारित मॉनिटरिंग और सामुदायिक सहभागिता का यह मॉडल अब प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी एक अनुकरणीय मिसाल बन रहा है।



सालभर पहले 11% से अधिक

मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल यानी जून 2025 में जिले में कुपोषण का कुल प्रतिशत 11.23 प्रतिशत था, जो लगातार और नियोजित प्रयासों से मार्च 2026 तक घटकर 7.55 प्रतिशत पर आ गया था। हालांकि हाल ही में जारी आंकड़ो के अनुसार जिले का कुपोषण दर अब 10 फीसदी से भी नीचे है।

527 गंभीर कुपोषित बच्चे

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार जिले में अब कुल 527 गंभीर कुपोषित बच्चे ही रह गए हैं। वहीं मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या 5660 बताई गई है। इस तरह कुल कुपोषित बच्चों की संख्या जिले में 6187 रह गई है। जिनमें सुधार के कार्य किए जा रहे हैं। वहीं 56390 बच्चे कुपोषण की श्रेणी से बाहर रखे गए हैं।

पालक चौपाल का भी आयोजन

कुपोषण के खिलाफ जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक साप्ताहिक गुरुवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है। पोषण का पाठ इन चौपालों में अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तिरंगा भोजन के महत्व, स्थानीय पौष्टिक आहार, निरंतर स्तनपान और एनीमिया की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार चिन्हित बच्चों और माताओं को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जरूरी दवाइयां व सप्लीमेंट्स भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

आरएसएस के स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने किया पथ संचालन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य में पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें आरएसएस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कदमताल करते अपने अनुशासन, साहस और शौर्य को प्रदर्शित किया। शहर के तीन अलग-अलग जगह से पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसका संगम महाकाल चौक में हुआ।

रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजनांदगांव नगर द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। शहर में तीन अलग-अलग जगह से पथ संचलन आयोजित किया गया। जिसका समापन स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल मैदान में विधि-विधान से किया गया। इस दौरान ध्वज वंदना सहित अन्य आयोजन किया गया। वर्ष 1925 को विजयादशमी के दिन आरएसएस की स्थापना हुई थी। संघ में इस दिन शारीरिक दक्षता प्रदर्शन और शास्त्रों की पूजा की जाती है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा अपनी स्थापना के 101 वर्ष मनाया गया और पथ संचलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजेश खांडेकर ने बताया कि विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य को लेकर पथ संचलन का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के स्टेट स्कूल मैदान, उदयाचल और वर्धमान नगर से पथ संचलन का आयोजन किया गया है। पथ संचलन के समापन कार्यक्रम में संघ के प्रांत सह प्रचारक ने संबोधित किया।

राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया। स्वागत के लिए बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां शामिल हुए। वहीं शहर के महाकाल चौक पर पथ संचलन के स्वागत के लिए कारपेट भी बिछाया गया था। इस दौरान स्वागत से सड़क पर फूलों की चादर बिछ गई। इस दौरान आरएसएस के कार्यकर्ता अपने पथ संचलन के दौरान कदमताल करते राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश दे रहे थे।

सड़क पार करते बुजुर्ग को ट्रक ने ठोका, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने दामाद के गांव आए बुजुर्ग व्यक्ति बीती रात पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान लापरवाही से भागती एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। नेशनल हाईवे में हुए इस घटना पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग साढ़े 11 बजे अंजोरा बायपास चौक के आगे प्रीती ढाबा के पास एक बुजुर्ग सड़क पार कर रहा था। इस दौरान लापरवाही से भागती एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हो गई।



घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति हो गई थी। बताया गया कि मृतक की पहचान रात को नहीं हो पाई थी। पुलिस के प्रयासों से उक्त बुजुर्ग की शिनाख्ति आज हो पाई। इधर हाईवे में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से आम लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

मृतक दामाद के गांव आया हुआ था

पुलिस के अनुसार मृतक का नाम संतराम निषाद उम्र लगभग 65 वर्ष है, जो ग्राम सड़क चिरचारी चारभाठा थाना बागनदी का रहने वाला है। बताया गया कि उक्त बुजुर्ग अपनी बेटी दामाद के घर ग्राम मनकी आया हुआ था। सोमनी पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। उक्त घटना से मृतक के परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

पटवारियों की हड़ताल का असर राजस्व काम ठप, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दो सप्ताह से अनिश्चितकालीन हड़ताल में डटे पटवारियों के चलते राजस्व महकमे के कई तरह के काम ठप पड़ गए हैं। हालत यह है कि अपने काम कराने के लिए पटवारियों के दफ्तर पहुंच रहे ग्रामीण और बच्चों को बैरंग ही लौटना पड़ रहा है।

हड़ताल की वजह से फसल गिरदावरी एवं प्रविष्ठि, राजस्व अभिलेखों से संबंधित कार्य, जमीन की जांच और सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा जैसे प्रकरण अटक रहे हैं। इसके अलावा अपने लिए आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने पहुंच रहे लोगों को भी बैरंग ही वापस लौटना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि पटवारी पिछले 13 अक्टूबर से हड़ताल में डटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पटवारी लगातार पीवी एप से गिरदावरी का विरोध दर्ज कराते आए हैं। इसके अलावा भी अपनी तीन मांगे संघ ने रखी है।

तूफान के असर से अंचल में बुधवार-गुरुवार को बदलेगा मौसम

चक्रवात का असर...दो दिन भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में एक बार फिर बेमौसम बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार देश के पूर्वी-मध्य और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में बन रहे चक्रवात का असर अंचल में भी देखने को मिल सकता है। जिसके चलते बुधवार और गुरुवार दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से बारिश थमने के बाद तापमान में लगातार वृद्धि देखने को मिली थी। हालांकि पिछले एक सप्ताह के दौरान तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते ठंड का एहसास भी होने लगा था। इसी बीच अब मौसम विभाग के अनुसार आज और कल अगले 2 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद 27 अक्टूबर से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार पूर्व-मध्य और उससे लगे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम अवदाब में बदल सकता है। जिसके सोमवार सुबह तक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है।

इधर अंचल के कई इलाकों में अब धान की फसल तैयार होने लगी है। जिसकी कटाई भी दिवाली के करीब होने लगेगी। ऐसे में इस समय बारिश होने से किसानों की भी चिंताए बढ़ जाएंगी।



चलेगी तेज हवाएं

मिली जानकारी के अनुसार आज के बाद तूफान के आगे और ज्यादा तेज होने का अनुमान है। चक्रवाती तूफान 28 अक्टूबर की सुबह के आसपास आंध्रप्रदेश तट के पास पहुंच सकता है। इसके बापटला और विशाखापत्तनम के बीच आंध्रप्रदेश और यनम तट को पार करने की संभावना है। इस दौरान हवा की अधिकतम गति 115 से 125 किलोमीटर प्रति घंटा और झोंकों की गति 140 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से ही छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधियां बढ़ने का अनुमान है।

तापमान पहुंचा 31 पर

इधर अंचल का अधिकतम तापमान कुछ दिनों के भीतर ही चार डिग्री तक कम हो गया है। जिले का अधिकतम तापमान पिछले रविवार को जहां 35 डिग्री के करीब था, वह इस रविवार को 31 डिग्री पर आ गया है। वहीं न्यूनतम पारा भी 21 डिग्री पर पहुंच गया है।

खबर संक्षेप

नर्मदा में पुलिस ने किया कॉम्बिंग गश्त

सड़क अतरिया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अजय यादव एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एएसपी रूपेश डांडे के नेतृत्व में शनिवार पुलिस ने नर्मदा में कॉम्बिंगगस्त एवं विजिबल पुलिसिंग की कार्यवाही किया। इस दौरान पुलिस ने पैदल गश्त किया जिसमें एएसपी, एसडीओपी, सीएएफ बल, अनुभाग के समस्त थाना प्रभारी एवं जवानों शामिल हुए। पुलिस ने गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश एवं असामाजिक तत्वों की चेकिंग किया। जुआ-सट्टा खिलाने वाले एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों को सख्त हिदायत दी गई।



महारैली में शामिल होंगे विष्णु लोधी



डोंगरगढ़। वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान अंतर्गत आगामी एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी शामिल होंगे। इस रैली में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा जैसे मुद्दों को उठाया जाएगा।

स्वयंसेविकाओं ने किया पथ संचलन



डोंगरगढ़। राष्ट्र सेविका समिति ने विजयादशमी उत्सव उत्साह के साथ स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण में मनाया। सर्वप्रथम अनुराधा शर्मा ने भगवा ध्वज आरोहित किया। इसके पश्चात सुसज्जित जीप में भारत माता की प्रतिमा को विराजित किया गया। डॉ. इंदुमती मिश्रा ने जीप का चालन किया। स्वयंसेविकाओं ने तलवार, दंड लेकर कदम से कदम मिलाकर विभिन्न मार्गों में पथ संचलन किया। मुख्य अतिथि उर्मिला दम्मानी, मुख्य वक्ता डॉ. उषा मिश्रा, वैशाली देशकर एवं इतिका साहू थी। इस दौरान नियुद्ध, दंड एवं तलवारबाजी का प्रदर्शन किया गया। मुख्य वक्ता श्रीमती मिश्रा ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीमती देशकर ने एकल गीत प्रस्तुत किया। राजकुमारी जैन ने संचालन किया।

महावीर तालाब में सफाई अभियान

डोंगरगढ़। ज्योत विसर्जन के बाद प्राचीन महावीर तालाब में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे ने कहा शहर की धार्मिक पहचान और ऐतिहासिक धरोहरों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। नवरात्रि के बाद महावीर तालाब की सफाई नियमित रूप से कराई जाती है, ताकि धार्मिक परंपराओं के साथ स्वच्छता बनी रहे। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा नगर में धार्मिक आयोजनों के साथ स्वच्छता बनाए रखना भी आवश्यक है।



अशांति फैलाने वाला गिरफ्तार

डोंगरगढ़। बोरतलाव पुलिस ने उपद्रव करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी अनुराग सोनवानी ने बताया कि जमीन पर अरहर उगाने को लेकर विवाद की सूचना मिली थी। ग्राम के नाजूराम पिता स्व. परसराम अपनी पड़ोसन फुलेश्वरी बाई से अरहर की बोनी को लेकर गाली-गलौज और झगड़ा कर रहा था। विवाद बढ़ने से मोहल्ले में अशांति की स्थिति निर्मित हो रही थी। समझाइश के बाद भी विवाद जारी रहने पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए आरोपी नाजूराम को हिरासत में ले लिया।

नाली का भूमिपूजन

डोंगरगढ़। ग्राम पंचायत गोपालपुर में नाली का भूमिपूजन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। ग्राम में नाली निर्माण होने से जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर दुर्गेश द्विवेदी, पुसऊराम वर्मा, तुलसी साहू, नारायण वर्मा, कुमारनाथ बघेल, पप्पू टांडेकर, अनिल यादव, दीपक साहू, राजेश वर्मा, भागवत वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।



निधन



महेश तिवारी

डोंगरगढ़। बुधवारी पारा निवासी और श्रीराम कृपा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. महेश तिवारी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

सड़क किनारे वाहनों की कतार, दुर्घटना का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

लापरवाही से बढ़ रही चालकों की परेशानी



डूमरडीहकला से ठेलकाडीह मार्ग के दोनों किनारों पर भारी वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। सड़क किनारे वाहनों खड़े रहने से दुर्घटना की आशंका रहती है साथ ही अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है। दोपहिया वाहन चालकों और ग्रामीणों को आवागमन के दौरान सावधानी बरतना पड़ रहा है। मार्ग पर रोजाना भारी वाहनों की लंबी कतार लगने के बाद यातायात व्यवस्था संभालने वाले जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

प्रशासन से कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित पंचायत और प्रशासन को मौके का निरीक्षण कर सड़क पर फैली रेत हटवाने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग है।

सड़क किनारे रेत डंप

ढारा चौक से ठेलकाडीह पुलिस थाना चौक के बीच में रेत के ढेर होने से हादसे का खतरा बढ़ गया है। सड़क किनारे रेत डंप करने से आवागमन बाधित हो रहा है। मार्ग के किनारे निर्माण सामग्री फैलाकर रखने से दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और अन्य वाहनों से टकराने का खतरा बना रहता है।

बेरोकटोक दौड़ रहे रेत भरे वाहन

क्षेत्र में रेत से भरे वाहनों का बिना तिरपाल ढके सड़कों पर दौड़ना आम हो गया है। क्षेत्र में आए दिन ऐसे वाहन दिखाई देते हैं, जिनमें रेत भरी होने के बावजूद वह तिरपाल से ढके नजर नहीं आते। इन वाहनों से रेत उड़ते और सड़क पर बिखरते रहती है जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है।

सुखरी में धान खरीदी केंद्र स्थापना पर बनी सहमति

ग्रामीणों ने वापस लिया आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। सुखरी और बिरनपुर खुर्द के ग्रामीणों की मांग थी कि धान खरीदी केंद्र सुखरी में ही संचालित हो, जिस पर प्रशासनिक और स्थानीय स्तर पर सहमति बन गई है। आपसी समझौते के बाद ग्रामीणों ने प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को टाल दिया है।

जानकारी के अनुसार मुख्य विवाद धान खरीदी केंद्र की दूरी और किसानों को होने वाली परेशानियों को लेकर था। संबलपुर केंद्र में जगह की कमी के चलते किसानों को लगभग पांच किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा था। इस मांग को मनवाने के लिए ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपनाया हुआ था। गत 15 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन देने के बाद गंडई-कवर्धा मार्ग पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के पास प्रदर्शन की योजना बनाई गई थी। इसके अलावा ग्रामीण भिलाई पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करने वाले थे। इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने की तैयारी की जा रही थी।

आंदोलन लिया वापस

ग्रामीणों ने 24 अक्टूबर को गंडई थाने में लिखित आवेदन देकर प्रदर्शन स्थगित करने की सूचना दी है। फिलहाल किसानों की निगाहें इस बात पर टिकी है कि प्रशासन सुखरी में धान खरीदी केंद्र शुरू करने के लिए आगे क्या आधिकारिक कार्रवाई करता है।

क्षेत्र में चोरों का आतंक ग्रामीणों में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

ठाकुरटोला (को.) और आसपास के इलाकों में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं। एक महीने के भीतर लगातार तीन चोरियों के सामने आने के बाद ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल है।

ठाकुरटोला (को.) के हेमंत लाल वर्मा पिता तुकाराम वर्मा के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने ने बताया कि 21 अक्टूबर को जब उनके घर पर कोई नहीं था, तब अज्ञात बदमाशों ने घर में प्रवेश किया और घर में रखे बर्तन जैसे लोटा, थाली, परात और तांबे के अन्य कीमती सामान पार कर दिए। इसी तरह चोरों ने राधिका वर्मा के घर को भी निशाना बनाया। चोरों ने मकान का ताला तोड़ने के बाद चोरी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

दिनदहाड़े हुई थी 8 लाख की चोरी

एक महीने पहले ग्राम के दीपक वर्मा पिता ईश्वर वर्मा के घर पर चोरों ने दिनदहाड़े धावा बोला था। चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 7 से 8 लाख के सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया था। इतनी बड़ी वारदात के एक महीने बीत जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस के हाथ खाली हैं। कुछ दिनों पहले ही क्षेत्र के निवासी पलटू लहरे की जेसीबी एवं हेमकुमार साहू के ट्रेक्टर से बैटरी चोरी होने की घटना सामने आई थी। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

डिजिटल डिटॉक्स पर व्याख्यान

गंडई। शासकीय महाविद्यालय गंडई के अर्थशास्त्र विभाग ने द आर्ट ऑफ बीइंग हैप्पी विषय अंतर्गत डिजिटल डिटॉक्सः स्वस्थ डिजिटल आदतें एवं मानसिक कल्याण विषय पर अंतरविभागीय व्याख्यान का आयोजन किया। अध्यक्षता प्राचार्य टीएल वर्मा ने की। इस अवसर पर जीके कौशिक, आसित साहू एवं डॉ. दिलेश्वरी साहू की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता के रूप में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के दीपांशु यादव ने विद्यार्थियों को डिजिटल उपकरणों के संतुलित उपयोग, अनावश्यक स्क्रीन टाइम में कमी तथा डिजिटल माध्यमों के विवेकपूर्ण प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन, नींद, शारीरिक गतिविधियों एवं सामाजिक संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गौरव जैन ने किया।

आज दशहरा मेला, कंक्रीट मूर्ति और संवादों का दिखेगा आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

ग्राम पंचायत रानीतराई के आश्रित ग्राम बोईरडीह में कल 26 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व भव्यता और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। गांव में पिछले 96 वर्षों से चली आ रही इस पारंपरिक धरोहर को देखने के लिए दूर-दराज के लोग पहुंचते हैं। बोईरडीह के दशहरा उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यहां की ऐतिहासिक और अनूठी परंपराएं हैं। गांव के पंडित त्रिलोकी शर्मा के अनुसार क्षेत्र में बोईरडीह का दशहरा अपनी विशेष पहचान रखता है। गांव में वर्ष 1968 से रावण की कंक्रीट से बनी 20 फीट की मूर्ति स्थापित है, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होती है। पुतला दहन की सामान्य परंपरा से हटकर यहां कंक्रीट की विशाल मूर्ति के समीप विशेष रस्में निभाई जाती हैं।

ब्राह्मण निभाता है रावण का किरदार

उत्सव के दौरान सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहती है। गांव की रामलीला मंडली द्वारा पारंपरिक शैली में राम-रावण संवाद का मंचन किया जाएगा। इस आयोजन की एक और खास बात यह है कि यहां रावण की भूमिका का निर्वहन वर्षों से एक ही ब्राह्मण परिवार के सदस्यों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ किया जाता रहा है। रामलीला के पश्चात रात्रि 10.30 बजे से क्षेत्रवासियों और दूर-दूर से आए दर्शकों के मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी सेतवा कटोरी के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।



हाथी पर सवार होकर पहुंचेगी राम सेना

दशहरा उत्सव के दिन पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच भगवान श्री राम, लक्ष्मण और उनकी वानर सेना जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों के साथ झांकी रूपी हाथी पर सवार होकर उत्सव स्थल पहुंचेगी। इसके बाद तय परंपरा के अनुसार रावण की मूर्ति के समीप पहुंचकर अग्निबाण छोड़ने की रस्म अदा की जाएगी।

आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशासन की पहल

महिलाओं को वनोपज संग्रहण, विपणन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में जनजातीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आदिम जाति विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सिंगारपुर के ग्राम बैगापारा में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, वन विभाग एवं उद्योग विभाग ने महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया। महिलाओं को समूह संचालन, सामूहिक आजीविका गतिविधियों, लघु वनोपज के संग्रहण एवं क्रय-विक्रय, तेंदूपत्ता संग्रहण तथा विपणन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। इसके साथ ही बीमा संबंधी जानकारी देकर उन्हें उपलब्ध सुरक्षा एवं बीमा प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया।

महिलाओं की क्षमता का होगा विकास

उद्योग विभाग द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्थानीय वन संसाधनों के बेहतर उपयोग, सामूहिक प्रयासों से आजीविका गतिविधियों के संचालन तथा लघु वनोपज के विपणन की प्रक्रियाओं को समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम जनजातीय महिलाओं की क्षमता वृद्धि, आर्थिक भागीदारी एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में सरपंच चंद्रकुमार वर्मा, सचिव तेजनाथ ठाकुर, लघु वनोपज प्रबंधक चंद्रेश्वर यादव, जूनियर एग्जीक्यूटिव संजय पटेल, चेतन दास आदि उपस्थित थे।

चारभाठा में मानस सम्मेलन फरवरी में

चारभाठा। ग्राम में अगले साल फरवरी माह में रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर ग्राम के सदाबहार मानस भवन में बैठक आयोजित की गई जिसमें शीतला मानस परिवार मुंगलानी एवं सदाबहार मानस परिवार चारभाठा के पदाधिकारी, सदस्य तथा मानस मर्मज्ञ शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से रामायण सम्मेलन का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में गिरवर साहू, हनुमान साहू, कार्तिक कंवर, शेरसिंह, कृष्ण कुमार दुबे, रोशन उइके, हुकुम सिंह, अजय मंडावी, डिकेश सोरी, पीतम कंवर, सुंदरलाल शोरी सहित अन्य मौजूद थे।









23.15 किमी सड़क के चौड़ीकरण के लिए 54 करोड़ की स्वीकृति

कुमरदा-गैंदाटोला-कल्लूबंजारी मार्ग के विकास के लिए मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वर्षों पुरानी सड़क समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में राज्य शासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल कुमरदा–गैंदाटोला–कल्लूबंजारी मार्ग के लिए बड़ी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मार्ग की कुल 23.15 किमी लंबाई में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा 54 करोड़ 36 लाख 10 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

23.15 किमी मार्ग होगा चौड़ीकरण

कुमरदा-गैंदाटोला-कल्लूबंजारी मार्ग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद लोगों को पहले की अपेक्षा अधिक बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है। सड़क की गुणवत्ता में सुधार होने से ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों के साथ-साथ किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

ग्रामीण विकास को मिलेगी नई रफ्तार

बेहतर सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की सबसे महत्वपूर्ण आधारभूत आवश्यकताओं में से एक होती है। सड़क के सुदृढ़ होने से ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी बेहतर होती है और लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सुविधा मिलती है। कुमरदा-गैंदाटोला-कल्लूबंजारी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ कृषि उपज के परिवहन में भी सुविधा होगी। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी। वहीं व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी इसका सकारात्मक लाभ मिलने की संभावना है।

जिपं अध्यक्ष की मांग व सीएम की घोषणा



विगत जून माह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजनांदगांव प्रवास के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने सड़क निर्माण के प्रमुख मांग को मजबूती से क्षेत्रवासियों की मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रभारी मंत्री, सांसद व महापौर की भी विशेष अनुशंसा रही व मंच से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्रवासियों की बड़ी मांग पूरी करते सड़क निर्माण की घोषणा की। जिसकी आज छह महीने में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हो गई है।

क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल

सड़क के लिए मिली इस बड़ी प्रशासनिक स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से बेहतर सड़क सुविधा की आवश्यकता महसूस कर रहे ग्रामीणों के लिए यह स्वीकृति विकास की दिशा में एक बड़ी सौगात है। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण के लिए मिली स्वीकृति का स्वागत करते इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

प्राथमिकताओं को मिली मजबूती

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट में इस महत्वपूर्ण सड़क को शामिल करते प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करना ग्रामीण सड़क अधोसंरचना के विकास को प्राथमिकता दिए जाने को दर्शाता है। 54.36 करोड़ से अधिक की लागत से 23.15 किमी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण से क्षेत्र की सड़क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और आने वाले समय में आवागमन की सुविधाएं और बेहतर होने की उम्मीद है। यह परियोजना केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े गांवों के विकास, आवागमन, कृषि, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं तक पहुंच को भी मजबूती मिलने की संभावना है। सड़क के बेहतर होने से ग्रामीण अंचल और मुख्य बाजारों के बीच संपर्क और अधिक सुगम होगा।

सरकारी शराब दुकान के सामने मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में सरकारी शराब दुकानों के संचालन और उनके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गया हैं। खैरागढ़ और छुईखदान की शराब दुकानों से जुड़ा दो वीडियो सामने आया हैं, इनमें कहीं एक युवक की पिटाई होती दिखाई दे रही है, तो कहीं पर्स चोरी के शक में एक युवक को लोग पीटते नजर आ रहे हैं। इन वीडियो ने पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिया हैं।

वायरल वीडियो में एक युवक के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि पर्स चोरी के शक में युवक को पीटा गया। हालांकि केवल शक के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

कानून के मुताबिक, चोरी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना देकर जांच करानी चाहिए, न कि भीड़ खुद फैसला सुनाकर किसी के साथ मारपीट करे। ऐसी घटनाएं न सिर्फ कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती हैं, बल्कि मौके पर मौजूद लोगों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता पैदा करती हैं।

विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ शराब बेचने तक

आबकारी विभाग सरकारी शराब दुकानों के संचालन और नियमों के पालन की निगरानी करता है। ऐसे में विभाग से सवाल है कि दुकानों के आसपास की स्थिति की समीक्षा की गई या नहीं? मारपीट, ओवररेटिंग और नकली शराब जैसे मामलों के बाद निगरानी व्यवस्था में क्या बदलाव किए गए? सुरक्षा के जिन इंतजामों की बात कही गई थी, उनकी मौजूदा स्थिति क्या है?वहीं, पुलिस की गश्त और त्वरित कार्रवाई पर भी सवाल हैं। क्या इन स्थानों पर नियमित पेट्रोलिंग होती है? क्या पहले भी इस तरह की घटनाओं की शिकायतें मिली थीं?

वायरल वीडियो के आधार पर जांच करेगी पुलिस

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे ने बताया कि अब तक इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उनके मुताबिक, वायरल वीडियो की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जाएगी और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि सरकारी शराब दुकानों के आसपास ऐसी घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं और इन्हें रोकने के लिए जिम्मेदार विभाग क्या कदम उठाता हैं।

पहले भी उठते रहा है शराब दुकानों पर सवाल

जिले में शराब दुकानों को लेकर विवाद पहली बार सामने नहीं आया हैं। इससे पहले भी मारपीट और ओवररेटेड यानि निर्धारित कीमत से अधिक में शराब बेचने को लेकर सवाल उठते रहा हैं। जिले में नकली शराब मिलने का मामला भी सामने आ चुके हैं। जिसके बाद शराब दुकानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने के दावे किए गए थे। ऐसे में अब खैरागढ़ और छुईखदान से जुड़े वीडियो सामने आने के बाद सवाल उठ रहा है कि पहले की घटनाओं से विभाग ने क्या सबक लिया और दुकानों के आसपास की स्थिति सुधारने के लिए कौन से ठोस कदम उठाए गया।

डॉ. मंगलानंद झा को मिला संगीत विवि में पीआरओ का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारी की कमी को देखते हुए और विवि के सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रचारित व प्रसारित करने के उद्देश्य से डा० मंगलानंद झा को जनसंपर्क अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।

विवि प्रशासन द्वारा जारी आदेश अनुसार प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के विभागाध्यक्ष व सह-प्राध्यापक डॉ. मंगलानंद झा को आगामी आदेश तक विवि के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) का दायित्व सौंपा है। वहीं सहायक ग्रेड-3 मुकेश यादव पीआरओ के सहयोगी के रूप में कार्यों का संपादन करेंगे। प्र भा री कु ल स चि व वेंकट रमन गुडे द्वारा जारी आदेश के हस्ताक्षर में संबंधित अधिकारियों और विभागों को इसकी सूचना देते हुए आवश्यक पालन सुनिश्चित करने संबंधी आदेश की प्रतिलिपि सभी अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों और विभाग प्रमुखों सहित संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है। साथ ही कुलपति सचिवालय, कुलसचिव कार्यालय और विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी इसकी जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया है।

दिग्विजय कॉलेज में निर्मित दो कक्षों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में एबिस ग्रुप एवं अजीज मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्व. अब्दुल अजीज की पुण्य स्मृति में सुल्तान अली संस्थापक आईबी ग्रुप एवं बहादुर अली संस्थापक आईबी ग्रुप के सद्प्रयासों तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रदान किए गए मद से निर्मित दो नवीन कक्षों के निर्माण कार्य की पूर्णता एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की आईक्यूएसी सेल के तत्वाधान में यूनुस रजा बेग के निर्देशन एवं प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में एबिस ग्रुप एवं अजीज मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि अंजुम अल्वी, डॉ. रूबीना अल्वी, समाजसेवी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

सहयोग का दिया आश्वासन

अंजुम अल्वी कार्यकारणी निर्देशक एबिस ग्रुप ने अपने भाषण में आश्वत किया कि एबिस ग्रुप हमेशा महाविद्यालय के उत्थान में स्किल डेवलमेंट, इंटर्नशिप एवं रोजगार से संबंधित ट्रेनिंग के लिए हमेशा सहयोग करने की बात कही । अजीज मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. रुबीना अल्वी ने कहा कि एबिस ग्रुप हमेशा से समाज के उत्थान के लिए योगदान दिया है। अंजुम अल्वी द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर दो तल भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा किया गया। समारोह में डॉ. अनिता बख्शी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. केके देवांगन, डॉ. संजय ठिसके, डॉ. माजिद अली, दीपक परगनिहा व मंजुषा बाजपयी का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रो. प्रीती बाला टांक, प्रो. संतोष उके, प्रो. संजय देवांगन, प्रो. आराधना गोस्वामी, प्रो. करूणा रावटे, प्रो. हरनाम अलरेजा, प्रो. शंकर मुनि राय, प्रो. मंजरी सिंह उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराने निरंतर प्रयासरत है। इन दो नवीन कक्षों के निर्माण से महाविद्यालय की शैक्षणिक अधोसंरचना में वृद्धि हुई है तथा विद्यार्थियों के अध्यापन, प्रायोगिक एवं विभिन्न अकादमिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा प्राप्त होगी।

उन्होंने स्व. अब्दुल अजीज के व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान एवं उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी प्रदान की।

शस्त्र पूजन से सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चिखली स्थित राजपूत भवन में शस्त्र पूजन के आयोजन के साथ राजपूत समाज ने परंपरा, स्वाभिमान और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। इसी आयोजन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण (ईडब्ल्यूएस) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन की रणनीति सामने आई। श्री राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 उप समिति राजनांदगांव और श्री राजपूत करणी सेना के संयुक्त रूप से आंदोलन करने की अपील के साथ जिले में आने वाले दिनों में बड़े विरोध प्रदर्शन के संकेत दिए गए। समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले राजपूत परंपरा के अनुसार भगवान श्रीराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद शस्त्र पूजन कर वीरता और परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जयकारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजपूत करणी सेना, कालवी विचारधारा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी

मुख्य अतिथि संजय बहादुर सिंह ने कहा कि राजपूत क्षत्रिय महासभा और करणी सेना को मिलकर ईडब्ल्यूएस आरक्षण तथा यूजीसी से जुड़े प्रावधानों के विरोध में आवाज उठानी चाहिए, ताकि समाज के युवाओं को समान अवसर मिल सकें। उन्होंने ईडब्ल्यूएस आरक्षण की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ स्तर पर आंदोलन किए जाने की बात कही। उनके अनुसार इस अभियान की शुरूआत भिलाई से करणी सेना ने कर दी है। आने वाले दिनों में राजनांदगांव जिले में भी इस मुद्दे पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज की लगभग 30 उप समितियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर ईडब्ल्यूएस तथा यूजीसी से जुड़े मुद्दों पर अपना विरोध दर्ज कराया है। पदाधिकारियों के अनुसार इन विषयों को लेकर समाज में एकजुटता है और युवाओं के भविष्य तथा समान अवसरों से जुड़े सवालों पर संगठित प्रयास किए जाएंगे। शस्त्र पूजन के धार्मिक और पारंपरिक आयोजन के बीच आरक्षण तथा शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर आंदोलन की घोषणा ने कार्यक्रम को सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बना दिया।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट में रंगमंच की धूम, समापन नाटक 3 व 4 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रॉयल किड्स कॉन्वेंट में लंबे इंतजार बाद रंगमंच सत्र की शुरूआत हो गई है। स्कूल के सभी चार हॉउस आजाद, भगत, जवाहर और सुभाष इस आयोजन में भाग ले रहे हैं और विद्यार्थी पूरे उत्साह के साथ रिहर्सल में जुट गए हैं। स्कूल परिसर में मंच साज-सज्जा, परिधानों और संवादों का अभ्यास चल रहा है और शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र अपनी प्रस्तुतियां निखार रहे हैं।

शाला के निदेशक श्रेयांश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में चारों हाउस मास्टर्स अपने हाउस प्रिफेक्ट्स के साथ ड्रामेटिक्स की रिहर्सल्स कर रहे हैं। शिक्षा के साथ व्यक्तित्व निर्माण में पाठ्य सहगामी क्रियाएं बच्चों के विकास में महती भूमिका का निर्वहन करते हैं। रंगमंच सत्र का ग्रैंड फिनाले 3 और 4 नवंबर को आयोजित किया जाएगा, जब अंतिम नाटकों की प्रस्तुति दर्शकों के सामने होगी। आयोजन के दौरान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की प्रदर्शन कला, अभिनय और समूह समन्वय देखने को मिलेगा।

दी शुभकामनाएं

डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह ने बताया कि रॉयल किड्स के संस्थापक डॉ. जेबी सिंह रंगमंच के प्रति बेहद समर्पित रहे हैं। उनकी स्मृति में स्कूल आगे चलकर राज्य स्तरीय ड्रामेटिक्स प्रतियोगिता भी आयोजित करने की योजना बना रहा है। जिससे स्कूली कलाकारों को बड़े मंच पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। स्कूल ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे 3 और 4 नवंबर के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने बच्चों, शाला के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाएं। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. आईके वैष्णव, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल ने श्रेयांश बहादुर सिंह एवं उनकी टीम को शुभकामनाएं दी।

पांच दिवसीय महोत्सव 17 नवंबर से

मेहंदी एवं सुंदरकांड पाठ से होगी शुरुआत





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव 17 से 21 नवंबर तक श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, अमित खंडेलवाल, बंशी अग्रवाल, संतोष बावरिया, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 20 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय आयोजन 17 से 21 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री श्याम जन्मोत्सव का शुभारंभ श्री हनुमान श्याम मंदिर में 17 नवंबर को दोपहर 1.15 बजे से श्री श्याम भक्तों को श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाने से होगा वहीं रात्रि 7.02 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। दूसरे दिन 18 नवंबर की शाम 5.15 बजे रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते जीई रोड रायपुर नाका स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी।

भजनों की प्रस्तुति देंगे गायक

श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा बताया गया कि महोत्सव के तृतीय दिवस 19 नवंबर को भव्य भजन संध्या में कटिहार के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक आदर्श दाधीच रात्रि 8.15 बजे से अपनी ओजस्वी वाणी से भजनों की फुहार से भक्त एवं भगवान को रिझाएंगे। चतुर्थ दिवस 20 नवंबर को श्री श्याम जन्मोत्सव पर मुख्य समारोह के अंतर्गत भव्य भजन संध्या रात्रि 8.15 बजे से आयोजित है। जिसमें लक्ष्मणगढ़ निवासी श्याम प्रभु के अनन्य सेवक प्रेम शर्मा अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे। पंचम दिवस 21 नवंबर को दोपहर 12.15 बजे से श्री श्याम रसोई महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है।

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

जिपं सीईओ ने की कार्यों व योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

सीईओ श्री अधिकारी ने आगामी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए धान उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को धान खरीदी से जुड़े कार्यों में आपसी समन्वय बनाकर सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ ने डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा करते सर्वे कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के अंतर्गत किसानों की फसलों से संबंधित जानकारी का सही एवं अद्यतन संकलन महत्वपूर्ण है। इसके लिए संबंधित अधिकारी मैदानी स्तर पर कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा सर्वे कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने आवश्यक पहल की जाए। साथ ही नागरिकों को सौर ऊर्जा के उपयोग, बिजली बिल में होने वाली बचत एवं योजना के लाभों के संबंध में जागरूक करते उन्हें सोलर पैनल स्थापित करने प्रोत्साहित किया जाए।

शिकायतों का निराकरण गंभीरता से करें

सीईओ ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ किया जाए। विशेष रूप से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आवेदन का निराकरण करने के पश्चात संबंधित आवेदक को निराकरण की स्थिति एवं की गई कार्रवाई के संबंध में अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा करने तथा निराकरण में अनावश्यक विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में वाणिज्य विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों, वाणिज्य परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य, रजिस्ट्रार, विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों तथा महाविद्यालय के कर्मचारियों के सम्मान में उनके नाम से पौधरोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य परिषद के अध्यक्ष तनु यादव एवं परिषद के सभी सदस्यों के नेतृत्व में किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते उनके नाम से पौधे लगाए। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गुरुजनों एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता भी प्रकट की। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष उके ने विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे सकारात्मक कार्यों एवं रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया।

10 विज्ञापनकर्ताओं को नोटिस दस-दस हजार का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/ संस्थानों/ व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवार एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर-पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओवर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है, जो कि छग विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। जीई रोड फ्लाई ओवर के नीचे एवं शहर के विभिन्न स्थानों में बिना निगम की अनुमति के लगभग 10 विज्ञापनकर्ताओं द्वारा अपनी संस्था का विज्ञापन प्रकाशन किया गया है, जिस पर कार्रवाई करते नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी ने संबंधितों को नोटिस जारी कर 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड आरोपित किया है।

रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के लगाए गए होर्डिंग्स बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन स्वेच्छा से 7 दिवस के भीतर हटा लें अन्यथा भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स बोर्ड/बैनर पोस्टर के लिए अर्थदंड अधिरोपित करते बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन बोर्ड निगम द्वारा हटा/जब्त कर लिया जाएगा एवं अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। जिससे उत्पन्न क्षति तथा संपूर्ण हर्जे-खर्चे के लिए संबंधित एजेंसी/संस्थान एवं व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

दीपावली बाजार के लिए बनेंगे पार्किंग जोन, अफसर संभालेंगे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी दीपावली त्यौहार में शहर की भीड़ को देखते यातायात के सुचारू संचालन के लिए व्यापारियों के सुझाव पर प्लान तैयार किया गया है। जिसके तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। चयनित स्थानों में पार्किंग के लिए व्यवस्था करने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने निगम के अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

फ्लाई ओवर के नीचे त्यौहारी सीजन में पसरा लगाने के लिए जगह आरक्षित, निगम में दे सकते हैं आवेदन

व्यवस्थित पार्किंग के लिए आठ जोन

गत दिवस कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते शहर में यातायात का सुचारू संचालन एवं व्यवस्थित पार्किंग के लिए चर्चा की गई। जिसमें पुत्रीशाला, पुराना जिला चिकित्सालय, शिवाजी पार्क, पुराना दुर्गा टाकीज के बाजू रिक्त भूमि, गंज चौक के अलावा फ्लाई ओवर के नीचे गुरूद्वारा के पास, महावीर चौक के पास व पोस्ट आफिस चौक के पास अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। साथ ही शहर के बाजार क्षेत्र गुडाखू लाइन, जूलीहटरी, सिनेमा लाइन, हलवाई लाइन क्षेत्र के व्यापारियों को दुकान का सामान दुकान के अंदर रखने समझाइस दी जाएगी। साथ ही जयस्तंभ चौक के पास रोड में अस्थाई पसरा लगाने वालों को महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे पसरा लगाने समझाइस भी दी जाएगी।



व्यापारियों के साथ बना प्लान

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि कलेक्टर के निर्देशानुसार दीपावली त्यौहार में सुगम यातायात तथा भीड़ को नियंत्रित करने हेतु यातायात पुलिस से समन्वय करते सुचारू व्यवस्था हेतु व्यापारियों के साथ मिलकर प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि अस्थाई पार्किंग व्यवस्था के लिए निगम के अधिकारियों को पृथक-पृथक दायित्व सौंपा गया है। सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ यातायात विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित कर निर्धारित पार्किंग स्थल में आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने व्यापारियों एवं नागरिकों से भी व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि फ्लाई ओवर के नीचे त्यौहारी सीजन में पसरा लगाने हेतु महापौर के निर्देश पर जगह भी आरक्षित कर लिया गया है। आयुक्त ने कहा कि दीपावली त्यौहारी सीजन के दौरान जय स्तम्भ चौक में पसरा लगाकर त्यौहारी सामान बेचने वाले फुटकर व्यापारियों को भी सूचित किया गया है कि इस हेतु नगर पालिक निगम राजनांदगांव के आवाक-जावक शाखा में बिना विलंब किए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

सार समाचार

डॉ. प्रकाश खुंटे को छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड

राजनांदगांव। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट, निःस्वार्थ एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रकाश खुंटे एमडी, जनरल फिजिशियन को



छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। रायपुर के सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में रविवार को वक्ता मंच के तत्वावधान में आयोजित समारोह में उन्हें शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पराते एवं संयोजक शुभम साहू ने बताया कि राज्य स्तरीय सम्मान के लिए प्रदेशभर से 500 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे।

निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के आधार पर 100 प्रतिभाओं का चयन किया गया। डॉ. खुंटे को यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव, मरीजों के प्रति सेवा भावना तथा कोरोनाकाल से लेकर वर्तमान तक स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में किए गए योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश मारू और वरिष्ठ पत्रकार विरेन्द्र बहादुर सिंह को भी सम्मानित किया गया। समारोह में चिकित्सा के अलावा समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वैच्छिक रक्तदान, शिक्षा, साहित्य, लोककला एवं खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रदेश की विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

राजगामी की जमीनों में नहीं होगी मांस की दुकानें

राजनांदगांव। राजगामी संपदा न्यास समिति के उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने कहा कि राजगामी की जमीनों में गौ मांस व अवैध मांस बेचे जाने की



शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं, जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

श्री निर्वाणी ने बताया कि विभिन्न संगठनों व प्रबुद्धजनों के माध्यम से ज्ञापन और जानकारी प्राप्त हुई है कि राजगामी की जमीनों पर गौ मांस तथा बिना लाइसेंस के अवैध मांस बेचा जा रहा है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए श्री निर्वाणी ने तत्काल टेलीफोन के माध्यम से अपर कलेक्टर तथा व्यवस्थापक तहसीलदार से बातचीत की और इस विषय में नगर निगम को आगे की कार्रवाई करने निर्देशित किया, जिस पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की।श्री निर्वाणी ने कहा कि अगर इस प्रकार का कोई भी कृत्य शहर में हो रहा है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना डॉक्टरी परीक्षण के अवैध रूप से जानवरों की कटिंग कर बाजार में मांस बेचा जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगर निगम अवैध रूप से मांस बेचने वालों को किसी अन्य निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित करें और जो अवैध व बिना लाइसेंस के मांस बेच रहे हैं, उन पर शीघ्र से शीघ्र कार्रवाई की जाए।

महापौर ने कांग्रेस पार्षदों से किया सौतेला व्यवहार

राजनांदगांव। पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव की लोकप्रियता दिनों दिन घट रही है, वह इसलिए की वे अब कांग्रेस पार्षदों के वार्डों से



जमकर भेदभाव कर रहे हैं। यह आरोप लगाते नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा है कि महापौर के लिए तो पूरी जनता बराबर होनी चाहिए। उनके लिए पूरे शहर का विकास समान रूप से होना चाहिए, लेकिन वे कांग्रेसी पार्षदों के वार्डों से भेदभाव कर रहे हैं। विकास के लिए अधोसंरचना मद से आई 11 करोड़ 20 लाख 66 हजार रुपए को भाजपा पार्षदों के वार्डों में ही खर्च कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने महापौर पर कांग्रेस पार्षदों के वार्डों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महापौर का दायित्व पूरे शहर का समान रूप से विकास करना है, लेकिन वर्तमान में विकास कार्यों के लिए राशि के वितरण में भेदभाव किया जा रहा है। श्री पिल्ले के अनुसार विकास कार्यों के लिए स्वीकृत 11 करोड़ 20 लाख 66 हजार रुपए की राशि का उपयोग भाजपा पार्षदों के वार्डों में किया जा रहा है। जबकि कांग्रेस पार्षदों के वार्डों को इससे वंचित रखा गया है। श्री पिल्ले ने कहा कि राजनांदगांव नगर निगम में कुल 51 वार्ड हैं। इनमें से नौ वार्डों में कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हुए हैं। जबकि शेष वार्डों में भाजपा के पार्षद हैं।

अबेकस चैंपियन लीग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

राजनांदगांव। पिनेकल इंस्टीट्यूट द्वारा छठी राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता अबेकस चैम्पियन लीग-2026 का आयोजन 24 अक्टूबर को



किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, मुंगेली, दल्लीराजहरा सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से पहुंचे करीब 350 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने तेज गति और सटीकता के साथ मानसिक गणना कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश खुंटे एवं नीरज बाजपेयी थे। विशिष्ट अतिथियों में भावेश बैद, श्वेता बैद, सीए निकिता कोठारी सुरजन, अर्चित अग्रवाल, वसुधा अग्रवाल, अतिन जैन, रुचि जैन, मयंक जैन, दीपाली जैन, अंकित कांकरिया एवं अंकिता कांकरिया शामिल रहे। अतिथियों ने कहा कि अबेकस जैसी गतिविधियां बच्चों में एकाग्रता, स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास और त्वरित गणना की क्षमता विकसित करने में सहायक है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न स्तरों पर उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने भी आयोजन को विशेष बनाया।

निधन

श्रीमती रूक्मणी राजपूत

राजनांदगांव। विकास नगर लखोली निवासी विक्रम सिंह राजपूत की माताजी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व मोहन सिंह राजपूत तथा टारजन सिंह राजपूत की बहन श्रीमती रुक्मणी राजपूत का 24 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे निधन हो गया। उनकी इच्छा के अनुरूप उनकी अंतिम यात्रा एवं अंत्येष्टि काशी विश्वनाथ के घाट पर विधि विधान से की गई।

क्षेत्र के ग्रामीणों और वाहन चालकों को बेहतर आवागमन की उम्मीद

सड़क का 65 प्रतिशत काम पूरा पेड़-पोल और पाइप लाइन बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगांव–कवर्धा–पोंड़ी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का 65 प्रतिशत कार्य पूरा होने का लोक निर्माण विभाग ने दावा किया है। सीआरएफ के तहत 90 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से राज्य राजमार्ग क्रमांक-05 के 30.40 किलोमीटर हिस्से का निर्माण कराया जा रहा है।

सड़क निर्माण आगे बढ़ने से क्षेत्र के ग्रामीणों और वाहन चालकों को बेहतर आवागमन की उम्मीद है हालांकि, निर्माण कार्य के बीच कुछ ऐसी बाधाएं सामने आ रही हैं, जिनका समय रहते निराकरण नहीं हुआ तो सड़क का शेष काम निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना चुनौती बन सकता है। पूर्व में भरत वर्मा द्वारा गुणवत्ता संबंधी शिकायत किए जाने के बाद जांच की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में निर्माण की प्रगति के साथ गुणवत्ता और अधूरे हिस्सों पर भी निगरानी जरूरी है।

मई तक काम पूरा करने का लक्ष्य

लोक निर्माण विभाग के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती केवल सड़क निर्माण का प्रतिशत बढ़ाना नहीं, बल्कि शेष काम को बाधारहित और सुरक्षित तरीके से पूरा करना है। पेड़ों के कारण छोड़े गए हिस्सों में डामरीकरण, बिजली के पोल हटाने और सोनेसरार में पाइप लाइन की समस्या का समाधान किए बिना सड़क को पूरी तरह तैयार करना मुश्किल हो सकता है। परियोजना को मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



पाइपलाइन बनी अड़चन

सोनेसरार के पास नगर पालिका की पाइपलाइन भी सड़क निर्माण में बड़ी बाधा बनी हुई है। सड़क के निर्धारित हिस्से में पाइप लाइन बिछी होने के कारण वहां निर्माण कार्य आगे बढ़ाने में परेशानी आ रही है। लोक निर्माण विभाग की ओर से पाइपलाइन हटाने के लिए नगर पालिका को कई बार पत्र लिखे जाने की बात सामने आई है, लेकिन अब तक समाधान नहीं होने से काम की गति प्रभावित होने की आशंका है। इसके अलावा सड़क के आसपास मौजूद बिजली के पोल भी हटाए जाने बाकी बताए जा रहा हैं, जिससे निर्माण की निरंतरता प्रभावित हो रही है।

पेड़ नहीं कटे, कई जगह अधूरा डामरीकरण

सड़क निर्माण में सबसे प्रमुख समस्या मार्ग के बीच और किनारे मौजूद पेड़ों को लेकर सामने आ रही है। कई स्थानों पर पेड़ नहीं कटने के कारण उनके आसपास का हिस्सा छोड़कर डामरीकरण किया गया है। इससे सड़क की सतह लगातार और एक समान नहीं बन पा रही है, जबकि सड़क पर खड़े पेड़ों के कारण वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। यदि पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हुई तो छूटे हुए हिस्सों में डामरीकरण और सड़क को अंतिम रूप देने में देरी हो सकती है। अब सवाल यह है कि पेड़ों को हटाने की अनुमति और कटाई की प्रक्रिया किस विभाग के स्तर पर लंबित है तथा लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के बीच समन्वय से इस बाधा को कब दूर किया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी को सौंपा प्रस्तावः सीएमओ

लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता के अनुसार सड़क निर्माण के दायरे में आ रहे पेड़ों को हटाने की जिम्मेदारी वन विभाग की है और इसके लिए विभाग की ओर से कई बार पत्राचार किया जा चुका है। नगर पालिका सीएमओ पुनीत राम वर्मा ने बताया कि पाइपलाइन हटाने के लिए एस्टीमेट तैयार कर लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन नगर पालिका की होने के कारण उसे हटाने के लिए आवश्यक राशि लोक निर्माण विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बिजली के पोल हटाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से पहले टेंडर नहीं लगाया गया था, लेकिन अब टेंडर जारी होने की जानकारी मिली है।

बास्केटबॉल में दो बेटियों का राष्ट्रीय टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल चिखली की दो छात्राओं प्रियांशी मलगामे और सर्विया विश्वकर्मा ने सरगुजा में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया है। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है।

अंडर-14 वर्ग में प्रियांशी मलगामे ने चार मैचों में 17 अंक बनाए। उनके प्रदर्शन के दम पर दुर्ग जिले की टीम ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में सर्विया विश्वकर्मा ने चार मैच में 47 अंक अर्जित किए। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक बनाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर रही। सर्विया पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी है।अंबागढ़ चौकी विकासखंड के एक ही विद्यालय की दो छात्राओं का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल प्रतिभा से ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।इस उपलब्धि पर कोच श्री पटेल एवं प्राचार्य विनोद कश्यप व विद्यालय स्टाफ ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

मतदाता सूची में हुए बदलाव को करें सार्वजनिकः शाहिद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिला पत्रकार संघ भवन खैरागढ़ में कांग्रेस नेताओं ने वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस सचिव शाहिद खान, जिला कांग्रेस महामंत्री सूर्यकांत जैन, जिला अध्यक्ष कोमल साहू और नगर अध्यक्ष अरुण भारद्वाज सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

शाहिद खान ने कहा कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का मुद्दा केवल एसआईआर प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार और चुनावी पारदर्शिता से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक के महादेवपुरा और आलंद सहित विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों का उल्लेख करते हुए कहा कि मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए तथा राजनीतिक दलों को सत्यापन योग्य डिजिटल आंकड़े उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

पारदर्शिता और स्वतंत्र जांच की उठाई मांग

शाहिद खान ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बेहद महत्वपूर्ण है। कांग्रेस की ओर से मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों, दोहरे पंजीकरण और नाम हटाने की प्रक्रिया को लेकर लगातार सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के भीतर निर्णय प्रक्रिया और मतदाता आंकड़ों की उपलब्धता को लेकर सामने आई मीडिया रिपोर्टों का भी उल्लेख किया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मतदाता सूची में हुए बदलावों का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए, संदिग्ध प्रविष्टियों की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच हो और जिन पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटे हैं, उन्हें अपना पक्ष रखने तथा नाम जुड़वाने का पर्याप्त अवसर मिले। नेताओं ने कहा कि मताधिकार की रक्षा के लिए केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि पारदर्शी प्रक्रिया और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है।

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान आज शहर पहुंचेंगे प्रभारी नेता

राजनांदगांव। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के प्रभारी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर कल 26 अक्टूबर को राजनांदगांव पहुंचेंगे। उनके प्रवास के दौरान दोपहर 2.30 बजे रायपुर नाका स्थित प्रेस क्लब भवन में पत्रकारवार्ता होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे सतनाम भवन में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी की प्रभारी प्रतिमा चंद्राकर और ग्रामीण जिला कांग्रेस प्रभारी कुंवर निषाद भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में अभियान की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी दिनों में इसे और प्रभावी एवं गतिशील बनाने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। राजेश ठाकुर सहित वरिष्ठ नेता कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अभियान के संबंध में मार्गदर्शन देंगे।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान लोकतंत्र की रक्षा और मताधिकार की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। दोनों अध्यक्षों ने सभी कांग्रेसजनों से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों, जिला, ब्लॉक एवं मंडल कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों, मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों एवं विभागों के जिला और ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ कांग्रेसजनों और कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी।

बिरयानी दुकानों में अफसरों की दबिश, खाद्य सामानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अतिक्रमण कर एवं अवैध रूप से मांस विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने शहर में मांस विक्रय करने वालों का नगर निगम द्वारा लाईसेंस एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की अनुमति संबंधी दस्तावेज की जांच की जा रही है।

इसी कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम, पुलिस, खाद्य एवं खाद्य व औषधी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर मांस विक्रय करने वाले होटल, ठेला में विभिन्न पहलुओं की जांच करने चर्चा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, प्रशिक्षु आईपीएस व नगर पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार, डीएसपी एसपी तिवारी, टीआई उपेन्द्र साहू, खाद्य व औषधि विभाग के अभिहित अधिकारी तरूण बिडला, सहायक खाद्य अधिकारी द्रोण कामडे उपस्थित थे।



चार सिलेंडर जब्त

महापौर के निर्देश पर शाम को ही नगर निगम, खाद्य, खाद्य व औषधि तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम शहर में मांस विक्रय करने वाले होटल, ठेला खोमचा की जांच किए। जांच टीम नया बस स्टैंड, टाउन हॉल के सामने, फ्लाई ओवर के नीचे, पोस्ट आफिस के पास, पुराना बस स्टैंड में मांस विक्रेताओं के होटल व ठेला में दबिश देकर फुड लाईसेंस, खाद्य सामग्री एवं खाद्य संबंधी अन्य चीजों तथा सुरक्षा की जांच कर व्यवसायिक के स्थान पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर 4 सिलेंडर जब्त किए। संयुक्त टीम द्वारा आगे भी जांच की कार्रवाई की जाएगी।

गौ हत्या कांड के बाद एक्शन

बैठक में महापौर श्री यादव ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व गौरीनगर में अवैध रूप से मांस विक्रय करने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई। जिसके आधार पर संबंधितों पर पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की गई। वहीं नगर निगम द्वारा अवैध मांस विक्रेता का अतिक्रमित घर तोड़ ठेला जब्ती किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में शहर में मांस विक्रय करने वालों का लाईसेंस और खाद्य सुरक्षा विभाग की अनुमति तथा साफ-सफाई आदि की जांच कर तीन दिवस के अंदर दस्तावेज दिखाने नगर निगम द्वारा नोटिस दिया जा रहा है।

पालकों का दावा : 83 पर बाहरी अभ्यर्थियों के चयन का आरोप

87 सीटों में छग के छात्रों को 4 सीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में नीट यूजी काउंसलिंग के चौथे चरण में एमबीबीएस की 87 सीटों के आवंटन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विद्यार्थियों और पालकों का दावा है कि इन सीटों में प्रदेश के अभ्यर्थियों को केवल 4 सीटें मिली। जबकि 83 सीटों पर बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों का चयन किया गया। पालकों ने काउंसलिंग प्रक्रिया, सीटों के संवर्ग परिवर्तन और अभ्यर्थियों की पात्रता की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

विवाद के केंद्र में छत्तीसगढ़ शासन का 14 जुलाई 2025 का राजपत्र है। पालकों ने नियम 8(1) के तहत आरक्षित सीटों के संवर्ग एवं श्रेणी परिवर्तन की प्रक्रिया के पालन पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सीटों में किए जाने वाले कुछ परिवर्तन निर्धारित चरण के बजाय उससे पहले ही कर दिए गए। निजी मेडिकल कॉलेजों की प्रबंधन नियतांश और एनआरआई कोटे की रिक्त सीटों के समायोजन को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। पालकों ने मांग की है कि प्रत्येक काउंसलिंग चरण में उपलब्ध और रिक्त सीटों की स्थिति, सीटों के संवर्ग परिवर्तन से संबंधित आदेश तथा अंतिम आवंटन का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए।

प्रमाण पत्रों के सत्यापन की मांग

पालकों ने काउंसलिंग के दौरान एससी वर्ग के करीब 350 और एसटी वर्ग के लगभग 750 नए अभ्यर्थियों के जुड़ने का दावा भी किया है। स्थानीय निवासियों की संख्या में भी करीब एक हजार की वृद्धि होने की बात कही गई है। इसे देखते हुए जाति, मूल निवास और अन्य पात्रता प्रमाण पत्रों के सत्यापन की मांग की गई है। कुछ बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों द्वारा कथित रूप से फर्जी प्रमाण पत्रों के माध्यम से राज्य कोटे का लाभ लेने के आरोप भी लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में आवेदन पत्र, प्रमाण पत्र और काउंसलिंग रिकॉर्ड की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

हाईकोर्ट से जांच की मांग

विद्यार्थियों और पालकों ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से मामले का स्वतः संज्ञान लेकर काउंसलिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनकी मांग है कि 87 सीटों के आवंटन, नियम 8(1) के पालन, अभ्यर्थियों की पात्रता और प्रमाण पत्रों के सत्यापन की स्वतंत्र समीक्षा कराई जाए। अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई है। पालकों ने चेतावनी दी है कि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि मामला केवल 87 सीटों के आवंटन का नहीं, बल्कि चिकित्सा शिक्षा में पारदर्शिता और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है।



खबर संक्षेप

कोलेगांव में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई शरद पूर्णिमा

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अपने गुरु की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहा जाता है। इसे कोजागिरी पूर्णिमा, रास पूर्णिमा और कौमुदी व्रत के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म में इस पर्व का विशेष महत्व है। यह दिन भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला, चंद्रमा की पूजा और मां लक्ष्मी की आराधना के लिए प्रसिद्ध है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर पूजा-पाठ करते हैं तथा रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। शरद पूर्णिमा पर खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखने की परंपरा भी प्रचलित है। इस अवसर पर शरद पूर्णिमा व्रत कथा सुनने और सुनाने का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक कथा के अनुसार, पूर्ण श्रद्धा और विधि-विधान से व्रत करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

नदी किनारे का हिस्सा बहने से बढ़ा खतरा

स्कूली विद्यार्थी जान जोखिम में डालकर कर रहे एनिकट पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के अंतिम छोर में स्थित पंडरिया ब्लॉक के ग्राम दामापुर में एक जोखिम उठाने वाली तस्वीर सामने आई है। जिसमें स्कूली बच्चे जोखिम उठाकर शार्टकट रास्ता चुनने के फेर में एनिकट पार करते दिख रहे है। एनिकट में पानी भले नहीं है, लेकिन कटे हुए हिस्से में पानी भरा हुआ है, जिसे पार कर स्कूल आना जाना होता है। जिस पर जिम्मेदारों को ध्यान देने की जरूरत है। भले ही दूरी ज्यादा क्यों न हो, लेकिन बच्चों को इस शार्टकट रास्ते का उपयोग किया जाना बंद कराया जाना चाहिए। जब नदी में पानी कम हो जाए,तो भले ही पैदल आने-जाने के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है।

दरअसल हाफ नदी के शिवगंगा में जर्जर और टूटे एनीकट को पार कर रोजाना दामापुर हायर सेकेण्डरी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी शार्टकट रास्ते के लिए पहुंचते है। ऐसा नहीं है कि नदी में पुल नहीं है,या आने जाने के लिए कोई मुख्य मार्ग न हो, रास्ता भी है, नदी में पुल भी है। लेकिन जिस गांव से इस रास्ते विद्यार्थी स्कूल आते है, उसकी दूरी दूसरे रास्ते से ज्यादा है, जिसके चलते वे शार्टकट रास्ता चुनते है। इसी कारण वे जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन स्कूल आते जाते है।

जो कभी भी हादसे का रूप ले सकता है। क्योंकि यहां पर नदी का हिस्सा काफी गहरा है, अगर तैरना ना आए, तो जान के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे में जिम्मेदारों को इस एनिकट से नदी के किनारे वाले हिस्से में मुरूम या मिट्टी डालकर पूरा कराया जाना चाहिए। या फिर तब तक के लिए आवागमन पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए। जब तक नदी का पानी पूरी तरह से कम ना हो जाए।

पक्के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग



यहां बताना लाजिमी होगा कि नदी पार करते समय कीचड़ में स्कूल ड्रेस खराब हो जाता है और पानी में भीग जाता है। पानी में भीगने के डर से बच्चे जूता-मोजा तक नहीं पहन पा रहे हैं। बारिश और पानी के बीच फिसलने या बहाव में बहने का खतरा हमेशा बना रहता है। दूसरा रास्ता चुनें तो करीब एक से दो किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। ग्रामीणों की परेशानी यह है कि हर साल एनीकट के दोनों छोर पर मिट्टी डालकर अस्थायी मरम्मत कर दी जाती है, लेकिन स्थायी और सुरक्षित व्यवस्था नहीं बनती। अब सवाल यह है कि क्या किसी हादसे के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी। जरूरत है कि संबंधित विभाग तत्काल मौके का निरीक्षण कर बच्चों के लिए सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था करे और एनीकट के पक्के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए। तब तक के लिए बच्चों को इस रास्ते से स्कूल आने व जाने से रोका जाना चाहिए।

डंगनिया में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात की 139वीं कड़ी

- मन की बात जन-जन को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम : नितेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत भोरमदेव मंडल अंतर्गत ग्राम डंगनिया के बूथ क्रमांक 322 में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 139वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने ग्रामवासियों, बूथ अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को सुना।

कार्यक्रम के पश्चात नितेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणा, सकारात्मकता और राष्ट्रसेवा का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि प्रधानमंत्री देश के अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों, स्थानीय प्रतिभाओं और समाज के लिए प्रेरणादायी पहल करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं। इससे देश के एक कोने में हो रहे अच्छे कार्यों की जानकारी दूसरे कोने तक पहुंचती है और लोग एक-दूसरे से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा वोकल फॉर लोकल और आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसे विषयों पर दिए गए संदेश विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। वोकल फॉर लोकल का भाव स्थानीय उत्पादों, कारीगरों, छोटे उद्यमियों और स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। जब हम स्थानीय उत्पादों को अपनाते हैं, तो इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। वहीं, आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसी स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी पहल आम नागरिकों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प को मजबूत करती है।

इस अवसर पर भोरमदेव मंडल महामंत्री अजय कौशिक, शक्ति केंद्र प्रभारी डेरहा साहू, नरसिंग साहू, बलत कुंभकार, गौरी शंकर साहू, अंकित शर्मा, स्वयं सहायता समूह की बहनें, बूथ अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

मन की बात देश की विविधता को एक सूत्र में पिरोते हुए राष्ट्रीय एकता का संदेश: नितेश अग्रवाल

नितेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार केवल सुनने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे हमें अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देते हैं। मन की बात देश की विविधता को एक सूत्र में पिरोते हुए राष्ट्रीय एकता, जनभागीदारी और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

अमरकंटक में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अमरकंटक में 26 अक्टूबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न प्रांतों से स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी (कनखल, हरिद्वार) तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेयी सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे। कबीरधाम जिला अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु ने बताया कि सम्मेलन सोमवार को मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में सोनमुड़ा रोड स्थित श्रीयंत्र महामेरू शक्तिपीठ में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के आयोजक स्वामी शरदपुरी महाराज (महंत) तथा संयोजक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बाजपेयी व सम्मेलन में जिले से जिलाध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु, उपाध्यक्ष इंजीनियर एसएस जैन, सचिव नरोत्तम महोबिया, कोषाध्यक्ष महेश महोबिया, सदस्य गुरुप्रसाद शर्मा और सदस्य डॉ सूर्यकांत भारती शामिल होंगे। सम्मेलन में विभिन्न प्रांतों के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के प्रतिनिधियों का संगम होगा।

विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन



- नन्हे बच्चों ने बनाए स्मार्ट सिटी से चंद्रयान-3 तक के मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल में गत दिनों शनिवार को आयोजित विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता,वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्मार्ट सिटी, जल शुद्धिकरण, वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा, पवन चक्की, चंद्रयान-3, सौरमंडल, पर्यावरण-अनुकूल घर और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर तैयार मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी की सबसे खास बात यह रही कि कक्षा 1 से 5 तक के छोटे बच्चों ने सीमित समय में अपनी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से एक से बढ़कर एक सराहनीय मॉडल तैयार किए। उनकी कल्पनाशीलता, सीखने की उत्सुकता और अपने विचारों को साकार करने के प्रयासों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

स्मार्ट सिटी, जल शुद्धिकरण, उचित कचरा प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, पानी की चक्की, हार्वेस्टर और फिल्म निर्माण जैसे विषयों पर आधारित मॉडलों के माध्यम से नन्हे विद्यार्थियों ने विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ने का प्रयास किया।

इन मॉडलों में जल संरक्षण, स्वच्छता, ऊर्जा के उपयोग और आधुनिक तकनीक की उपयोगिता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रथम तल पर भी कक्षा 6वीं, 7वीं व 8वीं विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीक से जुड़े विविध प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। सौर ऊर्जा एवं पवन चक्की, चंद्रयान-3, कार्बन प्यूरीफायर और प्रदूषण के प्रभावों पर आधारित मॉडल विशेष रूप से सराहनीय रहे।

इसके साथ कक्षा 9वीं से 12वीं विद्यार्थियों ने कही केदारनाथ मंदिर, तो कही रोचक, ज्ञानवर्धक खेल मॉडल बनाकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा साथ ही सौरमंडल, पौध कोशिका, परमाणु, न्यूटन क्रैडल, परावर्तन के नियम, जल के विद्युत अपघटन और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर तैयार परियोजनाओं ने विद्यार्थियों की विषयगत समझ और रचनात्मक सोच को प्रदर्शित किया। प्रत्येक मॉडल में विद्यार्थियों की मेहनत, विषय को समझने की जिज्ञासा और कुछ नया प्रस्तुत करने का उत्साह दिखाई दिया।

सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की गई सराहना

विद्यालय संचालक पवन देवांगन एवं सारिका देवांगन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण,रचनात्मकता और समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता विकसित करना है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को प्रयोग करने, नए विचार सोचने और अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप देने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे में विशेष प्रतिभा होती है, जिसे उचित अवसर और प्रोत्साहन देकर निखारा जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्त्वपूर्ण आधार बताया।



सर्व यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

- युवाओं को रोजगार और गौधाम योजना जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

युवा प्रकोष्ठ सर्व यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को दोपहर 1 बजे यादव सामाजिक भवन कवर्धा में आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता चंद्रेश यादव ने की। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में संगठन की गतिविधियों, युवाओं की भूमिका और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि युवा प्रकोष्ठ के सभी आयोजन और कार्यक्रम वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन एवं अनुमति के उपरांत ही किए जाएंगे। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक माह नियमित बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी। लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों एवं सदस्यों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, आर्थिक सशक्तिकरण, जन-जागरूकता और जिले के प्रत्येक ब्लॉक में पंजीयन शिविर आयोजित करने को लेकर अभियान चलाने पर चर्चा हुई।

इसके अलावा गौधाम योजना के अंतर्गत चरवाहों एवं गौसेवकों के पदों पर यादव बंधुओं को चयनित और नियुक्ति के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने और इस संबंध में नियमित आवेदन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा समाज के युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाजहित में मिलकर कार्य करने की बात कही। बैठक में चंद्रेश यादव, चंद्रकांत यादव, राकेश यादव, रूपेश यादव, कोमल यादव, राजेंद्र यादव, श्याम यादव, अमित यादव, गोपाल यादव, प्रेमप्रकाश यादव, प्रदीप यादव उपस्थित थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ केएस परिहार के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंजू महोबिया के सहयोग से संपन्न हुआ। एन. एस. एस., स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर, कार्यालय, कक्षाओं तथा महाविद्यालय के आस-पास एवं समीप की दुकानों तक साफ-सफाई की गई।

कुण्डा में भी सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



भारतीय जनता पार्टी मण्डल कुण्डा के बूथ क्रमांक 195 में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 139वें संस्करण को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुना एवं देखा। कार्यक्रम का आयोजन मन की बात प्रभारी एवं किसान मोर्चा मण्डल कुण्डा के चैतन्य सोनी के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी सदस्य रामस्वरूप साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें, सभी कार्यकर्ताओं ने रेडियो एवं टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी संबोधन को सुना।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे नवाचार, आत्मनिर्भर भारत और स्वच्छता अभियान पर अपने विचार साझाकिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामस्वरूप साहू ने कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री का जनता से सीधा संवाद है जो देश को नई दिशा देता है। वहीं ध्वजाराम चंद्राकर ने कहा कि मोदी के संदेश में देश की मिट्टी की खुशबू और आम आदमी के सपने झलकते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष पंडरिया सेवाराम कुर्रे, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, जिला कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा महेश्वर साहू मण्डल मंत्री, किसान मोर्चा शशांक शर्मा, मीडिया प्रभारी भाजपा मण्डल कुण्डा सूरज यादव, बूथ अध्यक्ष बूथ क्र195 साहेब लाल सोनवानी, मन की बात प्रभारी बूथ कमेटी नंदराम साहू, बूथ अध्यक्ष पन्ना साहू, मीडिया प्रभारी अजा मोर्चा रमेश सारथी, मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा राजकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।

एनएच-30 पर करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क का काम जारी

पोंड़ी-सिल्हाटी सड़क निर्माण जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर पोंड़ी से सिल्हाटी तक करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। सड़क का एक तरफ का कांक्रीट एप्रोच रोड करीब तीन महीने पहले ही बनकर तैयार हो चुका है, जबकि दूसरी तरफ कांक्रीट सड़क का निर्माण जारी है। काम पूरा होने के बाद स्थानीय लोगों और रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को धूल-मिट्टी और खराब सड़क से राहत मिलने की उम्मीद है।

सड़क निर्माण में देरी के चलते पिछले कई महीनों से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अधूरे निर्माण और बदहाल रास्ते के कारण वाहनों की आवाजाही के दौरान धूल उड़ती थी। इससे आसपास रहने वाले लोगों के साथ इस मार्ग से नियमित गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी होती थी। अब निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंचने से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

15 नवंबर तक भारी वाहनों पर प्रतिबंधनिर्माण कार्य को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से पूरा कराने के लिए पोड़ी से सिल्हाटी तक मार्ग पर 22 सितंबर से 15 नवंबर तक भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके तहत भारी वाहनों को पोंड़ी शहर की ओर जाने से रोकने के लिए पोड़ी बायपास से डायवर्ट किया गया है।

यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी ने बताया कि सड़क निर्माण को देखते हुए रूट डायवर्जन का आदेश जारी किया गया है। इसके तहत भारी वाहनों को पोंड़ी बायपास से दूसरे मार्ग पर भेजा जा रहा है, ताकि निर्माण स्थल पर यातायात का दबाव कम रहे और काम में बाधा न आए। निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा होने पर स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को खराब सड़क व उड़ती धूल से राहत मिल सकेगी।

शरद पूर्णिमा का धार्मिक महत्व, मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि की कामना

कवर्धा। सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। इसे कोजागर पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस वर्ष 25 अक्टूबर रविवार को अश्विनी नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रवि योग के संयोग में शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। शास्त्रों एवं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। इस रात चंद्रमा की स्वच्छ चांदनी प्राकृतिक सुंदरता को और निखार देती है। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की किरणें अमृतमयी होती हैं। इस पावन अवसर पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि माता लक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जागरण करने वाले भक्तों पर अपनी कृपा बरसाती हैं। इसी कारण इसे कोजागर पूर्णिमा कहा जाता है।



खबर संक्षेप

युवा संसद चैंपियनशिप 3 नवंबर को कवर्धा में

कवर्धा। विकसित भारत युवा संसद 2027 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा संसद चैंपियनशिप का आयोजन 3 नवंबर 2026 को शासकीय पीजी महाविद्यालय, कवर्धा में किया जाएगा। मेरा युवा भारत, कवर्धा और शासकीय पीजी महाविद्यालय, कवर्धा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में युवा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे।

नाली निर्माण के दौरान मिला मानव कंकाल, किशुनगढ़ में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किशुनगढ़ में नाली निर्माण के दौरान मानव कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जी राम जी योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य के दौरान झाड़ियों के बीच एक मानव खोपड़ी दिखाई दी।

इसके आसपास पॉलिथीन, थैला, चप्पल और अन्य सामान मिलने की बात भी सामने आई है। मानव अवशेष नजर आते ही मौके पर काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पंडरिया पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मानव खोपड़ी मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं।

पुलिस घटनास्थल की परिस्थितियों और वहां मिले सामान को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल कर रही है। फिलहाल कंकाल की पहचान और उससे जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी सामने नहीं आई है।



कहां से पहुंचे मानव अवशेष, जांच में जुटी टीम



घटनास्थल पर मानव खोपड़ी के साथ अन्य सामान मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि मानव अवशेष या उनसे संबंधित सामान किसी दूसरी जगह से बहकर अथवा किसी अन्य माध्यम से यहां पहुंचे हो सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

फॉरेंसिक जांच से सामने आएगी हकीकत

मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। जांच के दौरान मानव अवशेषों की स्थिति, उनकी संभावित उम्र और घटनास्थल पर मिले सामान से जुड़े साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा। इससे यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि अवशेष कितने पुराने हैं और किन परिस्थितियों में यहां पहुंचे। फिलहाल ग्राम किशुनगढ़ में मानव कंकाल मिलने की घटना रहस्य बनी हुई है। पुलिस की जांच और फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही मृतक की पहचान तथा मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा हो सकेगा।

समस्या: मठपारा के लकड़ी टाल के पास वीडियो में नजर आया तेंदुआ

कवर्धा शहर में फिर दिखा तेंदुआ, दो महीने के भीतर तीसरी बार दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जंगल से निकलकर तेंदुए की बार-बार शहर में मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। शहर के मठपारा क्षेत्र में मठपारा के लकड़ी टाल के पास एक बार फिर तेंदुआ दिखाई दिया है।

वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर उसकी गतिविधियों की जानकारी सामने आने के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। बताया जा रहा है कि पिछले दो महीनों में शहर में तेंदुए की मौजूदगी का यह तीसरा मामला है। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद अब वन विभाग की निगरानी और आगे की कार्रवाई पर लोगों की नजरें टिकी हैं। डीएफओ अग्रवाल के अनुसार, वीडियो रिकॉर्डिंग में मठपारा स्थित लकड़ी टाल के पास तेंदुआ दिखाई दिया है।

सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम उसकी गतिविधियों का पता लगाने में जुटी है। तेंदुए की मौजूदगी वाले क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। विभाग का प्रयास है कि वन्यजीव की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए उसके दोबारा आबादी वाले क्षेत्र में आने की आशंका को कम किया जा सके।



लोगों से सावधानी बरतने की अपील

वन्यजीव की मौजूदगी को देखते हुए स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। तेंदुआ दिखाई देने पर उसके पास जाने, पीछा करने या वीडियो बनाने के लिए भीड़ जुटाने से बचना चाहिए। बच्चों को अकेले बाहर न भेजें और रात के समय विशेष सावधानी बरतें। तेंदुए की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचना दें। अब देखना होगा कि वन विभाग निगरानी के साथ आगे क्या कदम उठाता है, ताकि तेंदुए और आम लोगों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

बार-बार शहर की ओर आने की वजह समझ से परे

दो महीने के भीतर तीसरी बार तेंदुए की मौजूदगी सामने आने से वन्यजीवों की आवाजाही को लेकर सवाल उठने लगे हैं। क्या तेंदुआ भोजन और पानी की तलाश में आबादी की ओर आ रहा है? क्या जंगल से लगे क्षेत्रों में मानवीय गतिविधियों का असर उसके प्राकृतिक विचरण पर पड़ रहा है? फिलहाल इन संभावनाओं की पुष्टि नहीं हुई है। तेंदुए के बार-बार शहर की ओर आने के वास्तविक कारणों का पता वन विभाग की जांच और विशेषज्ञों के आकलन से ही चल सकेगा।

चक्रवात के असर से 28-29 अक्टूबर को प्रदेशभर में बारिश की संभावना

कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश



जलाशयों के जलस्तर की होगी निगरानी

कलेक्टर ने जलाशयों एवं बांधों के जलस्तर की नियमित निगरानी करने तथा पानी की निकासी की स्थिति में संबंधित क्षेत्रों के लोगों को समय रहते चेतावनी देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन तक मौसम संबंधी सूचनाएं समय पर पहुंचाने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

- सतर्कता बरतने और राहत-बचाव की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में आगामी दिनों में बारिश होने की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चक्रवात के उत्तरी आंध्र प्रदेश तट पर लैंडफॉल करने की संभावना है।

इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर को सुकमा और दंतेवाड़ा जिले में, जबकि 28 एवं 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम की संभावित स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला प्रशासन के सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रहने और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहे तथा जनहानि रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता हो।

कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश

कलेक्टर ने जिला एवं तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखने तथा मौसम विभाग की चेतावनियों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए हैं। राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों को सतर्क रहने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया है।

जलभराव वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर

बारिश की आशंका को देखते हुए निचले इलाकों, जलभराव वाले स्थानों और बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एसडीआरएफ, होमगार्ड एवं अन्य बचाव दलों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैयार रखने को कहा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

मिट्टी के पवित्र दीयों से दीपावली होगी रोशन...



कवर्धा। दीपावली पर्व को रोशन करने अंचल के कुम्हारों द्वारा बनाए जा रहे मिट्टी के दीया

छत्तीसगढ़ राज्य में एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 का किया गया बड़े पैमाने पर दुरुपयोग: अकबर

- मतदाताओं के नाम फर्जी तरीके से कटवाने पर 1 साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची में लगभग 25 लाख मतदाताओं के नाम कम होने पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने फॉर्म -7 की पूरी प्रक्रिया कि जांच की मांग की है, जिसके जरिए मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। दस्तावेजों के आधार पर बयान जारी करते हुए मोहम्मद अकबर ने कहा है कि वर्ष 2023 से अब तक आबादी बढ़ी है लेकिन 24 लाख 99 हजार मतदाता कम हो गए। भारत निर्वाचन आयोग को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में एस.आई.आर के दौरान बहुत बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर वोट कटवाने का काम किया गया है। निर्धारित प्रक्रियाओं और नियमों का पालन नहीं किए जाने को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मोहम्मद अकबर ने बताया कि प्रावधान अनुसार फॉर्म-7 की आपत्ति पर सुनवाई के दौरान सबसे पहले आपत्तिकर्ता को नोटिस जारी करते हुए व्यक्तिगत सुना जाएगा तथा उसका बयान दर्ज किया जाएगा।

अधिकारी को आपत्ति और उसके वैधता के संबंध में स्वयं संतुष्ट होना होगा। जिस व्यक्ति के नाम पर आपत्ति की गई है, उसे आदेश पारित करने के पूर्व सुना जाएगा। इसका मतलब यह है कि केवल फॉर्म-7 दाखिल हो जाने से किसी मतदाता का नाम अपने आप नहीं कट जाता, झूठी शिकायत करने पर उक्त आवेदक के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है,



जिसने फॉर्म-7 में जानबूझकर गलत कथन या घोषणा दी है। ऐसी कार्यवाही जनप्रतिनिधि अधिनियम 1950 की धारा 31 के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी जो की कारावास से जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दंडनीय है। पूर्व मंत्री ने कहा कि राज्य के 33 जिलों में 1,08,807 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से रायपुर 31,028 ,कोरबा 15,187 ,कबीरधाम 2,234 ,बालोद 3,903 ,बलोदाबाजार-भाटापारा 2,662 ,दुर्ग 7,209 इत्यादि ,उन्होंने निर्वाचन आयोग से पूछा है कि इनमें से फॉर्म-7 के आधार पर कितने हैं? क्या आक्षेप आवेदनकर्ता के बयान लिए गए हैं? क्या जिनके नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं उनको सुनवाई का अवसर दिया गया है? कितने मामलों में शिकायतें झूठी पाई गई और कितने मामलों में आक्षेप आवेदनकर्ता फर्जी पाए गए? ऐसे मामलों में क्या धारा-31 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही की गई जिसमें 1 साल की सजा या जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। इन सभी मामलों में जवाब मिलना चाहिए तथा इसके साथ ही यह भी बताना चाहिए कि वर्ष-2023 से अब तक आबादी बढ़ी है फिर 24 लाख 99 हजार मतदाता कैसे कम हो गए?

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच जीत-हार का अंतर 6 लाख 32 हजार वोटों का है, जबकि इससे 4 गुना अधिक मतदाता कम हो गए हैं जो आश्चर्यजनक है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक है कि एस.आई.आर के दौरान हटाए गए मतदाताओं के नाम फिर से जोड़े जाएं या पुरानी सूची को बहाल किया जाए। चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करे कि कोई भी मतदाता अपने मत देने के अधिकार से वंचित न हो।

दुर्ग संभाग की टीम में चयन, दूरस्थ गांवों की छात्राओं की मेहनत लाई रंग

बोड़ला की तीन बेटियां राज्य स्तरीय खो-खो में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) की तीन होनहार छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा के दम पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अनुराधा मरकाम, रवीना मेरावी और दुर्गा का चयन 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। तीनों छात्राएं 26 से 29 अक्टूबर 2026 तक खैरागढ़ में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका वर्ग की खो-खो स्पर्धा में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित तीनों छात्राएं दूरस्थ ग्रामीण अंचल से आती हैं। अनुराधा मरकाम कक्षा 12वीं की छात्रा हैं और ग्राम तीतरी की निवासी हैं।

वहीं रवीना मेरावी कक्षा 12वीं में अध्ययनरत हैं और ग्राम समनापुर से ताल्लुक रखती हैं। कक्षा 11वीं की छात्रा दुर्गा ग्राम प्रभुझोला की निवासी हैं। तीनों छात्राएं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई के साथ खेलकूद की तैयारी कर रही हैं।

नियमित अभ्यास और कड़ी मेहनत से मिली सफलता



छात्राओं ने दुर्ग संभाग स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय स्पर्धा में अपनी जगह बनाई है। वे पढ़ाई के साथ खेल के प्रति भी पूरी लगन से समर्पित हैं। बेहतर प्रदर्शन के लिए सुबह और शाम नियमित रूप से मैदान में अभ्यास करती हैं। उनकी इस उपलब्धि में कोच मोहन धुर्वे का महत्वपूर्ण योगदान है। वे छात्राओं को खो-खो के साथ कबड्डी का भी नियमित प्रशिक्षण देते हैं। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका ललिता अनंत भी खेल गतिविधियों में छात्राओं को लगातार सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान करती हैं। तीनों छात्राओं की उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार खरे, पीटीआई जगतारण झारिया और समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सभी ने उम्मीद जताई कि छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कबीरधाम जिले और दुर्ग संभाग का गौरव बढ़ाएंगी।

कवर्धा में धूमधाम से मनाई गई शरद पूर्णिमा, चांदनी में रखी खीर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र जलस्रोतों में स्नान कर दान-पुण्य किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर धार्मिक गतिविधियों का दौर चलता रहा, वहीं रात में पूर्णिमा के चंद्रमा की पूजा-अर्चना कर परंपराओं का निर्वहन किया गया।

शरद पूर्णिमा को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। मान्यता के अनुसार, इस दिन स्नान और दान करने का विशेष महत्व होता है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने धार्मिक स्थलों और जलस्रोतों पर पहुंचकर पुण्य स्नान किया। लोगों ने जरूरतमंदों को दान देकर पर्व की परंपराओं का पालन किया।

रात में आसमान में पूर्णिमा का चांद निकलने के बाद लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शरद पूर्णिमा की परंपरा के अनुसार घरों में खीर तैयार कर खुले आसमान के नीचे चांदनी में रखी गई। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों से खीर अमृतमय हो जाती है। इसी धार्मिक विश्वास के साथ लोगों ने अमृत की कामना करते हुए खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। पर्व के दौरान घरों में धार्मिक माहौल बना रहा। लोगों ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की। इस तरह कवर्धा और आसपास के अंचल में शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।